Bareilly, Thursday,
27 February 2025
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण
inext



# एसआरएमएस और आइके कलेक्शन एसजी कैंट सेमीफाइनल में पहुंची

**तीसरे क्वार्टर फाइनल मे एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी ने जस क्रिकेट एकेडमी को हराया**

bareilly@inext.co.in



विनर को ट्रॉफी देकर किया सम्मानित.

**BAREILLY (26 Feb):** श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट पांचवें सीजन के आठवें दिन बुधवार को तीसरा और चौथा क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया. तीसरे क्वार्टर फाइनल में एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी ने जस क्रिकेट एकेडमी को 65 रन से हरा कर और चौथे क्वार्टर फाइनल में आइके कलेक्शन एसजी कैंट ने हरदोई स्ट्राइकर्स को 117 रन से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई. 30 गेंद पर सात चौकों और तीन छक्कों की मदद से 62 रन बनाने वाले एसआरएमएस के हितेश नरूला और 35 गेंद पर 10 चौके और सात छक्कों की मदद से 90 रन बनाने पर आइके कलेक्शन एसजी कैंट के सत्यम संगू को मैन आफ द मैच का पुरस्कार दिया गया.

## दिया गया पुरस्कार

एसआरएमएस इंजीनियरिंग कालेज स्थित श्रीराम मूर्ति क्रिकेट स्टेडियम में एसआरएमएस के कप्तान अनंत भटनागर ने टास जीत कर बल्लेबाजी का फैसला किया. टीम ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 195 रन बनाया. इसमें हर्ष राणा ने 36 रन, पूर्वांश दुबे ने 46 रन, हितेश नरूला ने 62 रन और तुषार ने 30 रन का योगदान दिया. जस क्रिकेट के लिए मनी जिंदल ने तीन विकेट लिया. जवाब में जस क्रिकेट एकेडमी के सभी खिलाड़ी 18.2 ओवर में 130 रन पर पैवेलियन लौट गए, उज्ज वल यादव ने 28 रन, प्रशांत राणा ने 26 रन और नमन ने 15 रन बनाया. एसआरएमएस के लिए सार्थक पंथ ने तीन और अभिषेक शर्मा एवं गोल्डी ने दो-दो विकेट लिया. चौथे क्वार्टर फाइनल में आइके कलेक्शन एसजी कैंट ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित बीस ओवर में 250 रन बनाया. इसमें देवांश राजपूत ने 32 रन, विपिन ढाका ने 44 रन, सत्यम संगू ने 90 रन, इंजिमाम ने 25 रन और अनिवेश चौधरी ने 43 रन बनाया. जवाब में हरदोई स्ट्राइकर्स की टीम 17 ओवर में 133 रन पर ढेर हो गई. टीम के प्रवीण ने 26 रन और वेदांत ने 60 रन बनाया. आइके कलेक्शन एसजी कैंट बरेली के लिए पंकज धवन ने तीन, दिव्यांश और अनिवेश ने दो-दो विकेट हासिल किया.